हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

11 हिसंक हो रहे बेसहारा गोवंश, सड़कों पर जमावड़ा



12 गोरैया साइट पर डाला जा रहा कचरा और मलबा



## खबर संक्षेप

### मोबाइल हैक करके निकाले पचास हजार

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव चमनपुरा में साइबरों ठगों द्वारा व्यक्ति का मोबाइल हैक करके पचास हजार रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में रणबीर सिंह ने बताया कि बीती छह फरवरी की शाम करीब छह बजे उसका व्हाट्सअप व मोबाइल हैक हो गया। जिस दौरान उसके खाते से पचास हजार रुपये की ट्रांजक्शन हो गई। इसके बाद उसने 1930 के माध्यम से साइबर हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

### लापता बुजुर्ग का नहीं लगा सुराग

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 से करीब 80 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति लापता है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उनको तलाश चुके हैं लेकिन सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी उनका कुछ अता पता नहीं है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-6 के निवासी नरेंद्र शर्मा गत तीन फरवरी को टहलने के लिए घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं आए। काफी देर तक नहीं लौटे तो परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। फिर पुलिस को सूचना दी। सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर चुकी है।

### महिला दिवस पर कार्यक्रम 13 को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। डीएलएसए सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिला अधिकारों व महिला सशक्तिकरण को लेकर विमर्श होगा व महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### मैथ क्विज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** सोमवार को डाइट माछरौली में जिला स्तरीय मैथ क्विज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बनाए गए समूहों के अंतर्गत चौथी से पांचवीं, छठी से आठवीं, नौवीं से दसवीं तथा ग्यारहवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में चौथी से पांचवीं तक के समूह में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल लडायण, छठी से आठवीं तक के समूह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सासरौली, नौवीं से दसवीं तक के समूह में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरावास तथा ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा के समूह में शहीद मेजर अमित देशवाल राजकीय विद्यालय सुरेहती के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# बालौर के निकट डीटीपी ने अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़, 6 निर्माणाधीन ढांचे तोड़े

## साढ़े 60 एकड़ में चली जेसीबी, 5 चारदीवारी हटाई और 8 डीपीसी ढहाई

- बाईपास के पास बालौर के रकबे में डीलरों ने अवैध कॉलोनी काटी
- इस मामले को विधायक राजेश जून ने भी विधानसभा में उठाया
- चेतावनी के बाद भी डीलर नहीं माने, डीटीपी ने दोनों कॉलोनियों में की कार्रवाई



बहादुरगढ़। बालौर के निकट चारदीवारी हो हटाती जेसीबी।



बहादुरगढ़। अवैध कॉलोनी में कच्चे रास्ते उखाड़ती जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कंट्रोल एरिया में अवैध कॉलोनी काटने वाले डीलरों पर डीटीपी विभाग ने एक बार फिर सख्ती की है। सोमवार को बाइपास से सटे बालौर के रकबे में करीब 60 एकड़ में बसाई जा रही दो अवैध कालोनियों में जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण ढहाया गया। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस टीम मौजूद रही।

बता दें कि बाईपास के पास बालौर के रकबे में कुछ डीलर अवैध कॉलोनी काट रहे थे। इस मामले को विधायक राजेश जून ने भी विधानसभा में उठाया था। इसके बाद डीटीपी ने प्लाटिंग करने वाले लोगों को चेतावनी दी गई थी कि कंट्रोल एरिया में निर्माण की गतिविधियां ना करें। परंतु चेतावनी के बाद भी डीलर नहीं माने। ऐसे में अब सख्ती से कार्रवाई करते हुए साढ़े 60 एकड़ में अवैध रूप से बसाई जा रही दोनों कॉलोनियों में अवैध निर्माण को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि पुलिस टीम के सहयोग से की गई कार्रवाई में कच्चे रास्ते उखाड़े गए। कॉलोनियों में 6 निर्माणाधीन ढांचे तोड़े गए, 5 चारदीवारी हटाई और 8 डीपीसी ढहाई गईं। इस दौरान एटीपी सतीश, जेई सुमित व पटवारी सोमवीर भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। एक निर्माणाधीन ढांचे को ढहाती डीटीपी की जेसीबी।

### कार्रवाई करेंगे

डीटीपी मनीष दहिया ने कहा कि जमीन की पूरी जांच पड़ताल के बाद ही प्लाट खरीदें। अर्बन कंट्रोल एरिया कंट्रोल एरिया में अवैध कॉलोनियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई जारी रहेगी। कंट्रोल एरिया में निर्माण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र एवं नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को नहीं पनपने दिया जाएगा। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# खेड़का गुर्जर में घर से बाहर बुलाकर युवक को गोली मारी, घायल

- पुलिस ने गांव के ही दो युवकों पर केस दर्ज किया
- घायल युवक बहादुरगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव खेड़का गुर्ज्जर में घर से बाहर बुलाकर एक युवक को गोली मार दी गई। युवक की हालत गंभीर है, उसे बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के बयान पर बादली थाना पुलिस ने गांव के ही दो युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रविवार की रात करीब 9 बजे यह वारदात खेड़का गुर्ज्जर के निवासी राहुल के साथ हुई। जानकारी के अनुसार, राहुल रात को अपने घर पर था। इसी दौरान दो युवक वहां आए और आवाज लगाकर राहुल को घर से बाहर बुलाया। कुछ देर इन्होंने बातचीत की, फिर राहुल अपने मकान के अंदर घुसने लगा तो पीछे से गोली चला दी गई। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर परिजन तुरंत बाहर आए और घायल राहुल को संभाला। वे उसे बहादुरगढ़ के ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में ले गए। गोली कमर में मारी गई थी। पुलिस को दी शिकायत में राहुल के चाचा धर्मवीर ने कहा है कि गांव के निवासी गौरव और चंद्रपाल ने मेरे भतीजे को जान से मारने की नीयत से गोली मारी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### पुलिस ने जांच शुरू की, गिरफ्तारी जल्द

उधर, सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। धर्मवीर की शिकायत पर इस संबंध में दोनों युवकों के खिलाफ दर्ज कर लिया गया है। राहुल पर गोली क्यों चलाई गई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। घायल राहुल के बयान और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही वजह स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर वारदात सुलझाई जाएगी।

# मंदिर के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में शिव मंदिर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। यूपी मूल के राम बहादुर का कहना है कि वह नूना माजरा में किराये पर रहता है। रविवार को बाइक लेकर गांव के शिव मंदिर में पेंट करने गया था। बाइक बाहर खड़ी की थी। शाम को जब मंदिर से बाहर निकला तो बाइक नजर नहीं आई। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अलग वेतन आयोग बनाने की मांग



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केंद्र सरकार की ओर से आठवें वेतन आयोग की घोषणा की जा चुकी है। इसी बीच कर्मचारियों ने हरियाणा का अलग से वेतन आयोग बनाने की मांग उठाई है। वेतन आयोग बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने विधायक राजेश जून से मुलाकात की। उन्हें मांग पत्र भी सौंपा। एसकेएस से संबद्ध नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य संगठनकर्ता राजपाल ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से कई मांग उठा रहे हैं, जिन पर सरकार की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिससे कर्मचारियों में रोष है।

हाल ही में केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग की घोषणा की है। लेकिन हरियाणा के कर्मचारियों की कुछ समस्याएं अलग हैं, जिनकी केंद्रीय वेतन आयोग में समुचित सुनवाई नहीं हो पाती। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों को आंदोलन करने पड़ते हैं। इसलिए हरियाणा प्रदेश का अलग से वेतन आयोग बनाए जाने की आवश्यकता है। हमनें उम्मीदों के साथ विधायक को मांगपत्र दिया है। हमें आशा है कि वह हमारी मांग को मजबूती से सरकार के समक्ष रखेंगे और समस्याओं का समाधान कराने में मदद करेंगे।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**बहादुरगढ़।** शहर की कबाड़ी मार्केट में एक महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। महिला द्वारा आत्म हत्या किए जाने की बात सामने आई है। असल वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका की पहचान किरण के रूप में हुई है। किरण मूलतः बिहार से थी। यहां परिवार सहित कबाड़ी मार्केट में रह रही थी। इसका परिवार केले के गोदाम मजदूरी करता है। रविवार की शाम को जब इसकी बेटी घर पर आई तो उसे किरण फंदे पर लटकी नजर आई। उसने पड़ोस में रह रही अपनी मौसी, मौसा को सूचना दी। इसके बाद किरण को संभाला गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। किरण ने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया, ये अभी स्पष्ट नहीं है।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, तीन घंटे काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचएसईबी वर्कर यूनियन की बहादुरगढ़ यूनिट से जुड़े कर्मचारियों ने सोमवार को तीन घंटे काम बंद कर कार्यालय के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। वेतन सहित अन्य मांगें उठाते हुए जमकर नारेबाजी की गई।

इस प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान बिजेंद्र फोगाट ने की, जबकि संचालन यूनिट सचिव बलवंत सिंह ने किया। प्रधान बिजेंद्र फोगाट ने कहा कि निगम में डीसी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों की 31 दिसंबर 2024 के बाद सेंशन निगम मैनेजमेंट द्वारा नहीं दी गई है। जिसके चलते डीसी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों को जनवरी महीने का वेतन नहीं मिला। इसके बावजूद कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारियों का काम जोखिम भरा रहता है। अगर इस दौरान कोई हादसा हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, इसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है। इस वजह से कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने जल्द से जल्द कर्मचारियों की समस्या का समाधान करने की मांग उठाई है। फोगाट ने कहा कि शहर में दो 33 केवी पावर हाउस तीन महीने से चालू हो चुके हैं और दो 33 केवी पावर हाउस फरवरी माह में चालू होने हैं। इन पावर हाउस में ऑप्रेटरों की कमी है। पावर हाउस में मात्र दो, दो ऑप्रेटर काम कर रहे हैं। इनको कोई रेस्ट नहीं मिलता। निगम द्वारा इस समाधान किया जाए और नए ऑप्रेटर भर्ती किए जाएं। इस अवसर पर पंकज वशिष्ठ, रवींद्र देशवाल, अमित शर्मा, रामनिवास, बिजेंद्र, प्रदीप, बंटी, राजेश, राजकुमार, जयदेव, नरेंद्र, नवीन, सन्नी सहित अन्य मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कार्यालय के बाहर धरना देकर नारेबाजी करते कर्मचारी।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर वर्कशॉप आज

**झज्जर।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। डीसी प्रदीप दहिया मुख्यातिथि के रूप में कार्यशाला में शिरकत करेंगे। कार्यशाला में इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल को लेकर जागरूक किया जाएगा। डी आई ओ अमित बंसल ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य बच्चों, महिलाओं और युवाओं को इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन खतरों और सुरक्षित इंटरनेट के बारे में शिक्षित करना है।



प्रदीप दहिया, डीसी

## प्रशासन ने कड़ी फटकार लगाई, अभियान चलाकर की कार्रवाई

# रेलवे रोड से अतिक्रमण हटवाया, सामान जब्त

- नगर परिषद और यातायात पुलिस ने बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद और यातायात पुलिस की ओर से सोमवार को रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण फैला रहे दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई गई। दुकानों के बाहर सड़क पर रखा गया काफी सामान जब्त किया गया और कई दुकानदारों के चालान भी किए गए।

दरअसल, शहर के बाजार अतिक्रमण के शिकार हैं। इस वजह से सड़कों, बाजारों की चौड़ाई सिकुड़ जाती है और अव्यवस्था हावी हो जाती है। जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर परिषद द्वारा समय-समय पर कार्रवाई भी की जाती है लेकिन टीम के जाते ही फिर से पहले जैसे हालात बन जाते हैं। सोमवार को एक बार फिर नगर परिषद की टीम ने यातायात पुलिस के साथ रेलवे रोड पर दस्तक दी। इस टीम में यातायात थाना प्रभारी विकास कुमार, नगर परिषद से एलओ नीरज, बीआई विवेक व सेनेट्ररी इंस्पेक्टर सुनील हुड्डा आदि शामिल थे।

टीम के बाजार में पहुंचते ही अतिक्रमण फैला रहे दुकानदारों, रेहड़ी वालों तथा फुटकर विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। टीम ने रेलवे रोड व नाला रोड से काफी सामान जब्त कर ट्रैक्टर में लोड कर दिया। कब्जे भी तोड़े गए। इस कार्रवाई के चलते कुछ समय तक सड़कें खुली-खुली नजर आई। नप से एसआई सुनील हुड्डा ने कहा कि रेलवे रोड, काठमंडी और नाला रोड पर कार्रवाई की गई है। कुछ दुकानों का सामान भी जब्त किया है। लोगों से अपील है कि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, अतिक्रमण न फैलाएं। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



बहादुरगढ़। सड़क पर रखे सामान को उठाते कर्मचारी।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के अधिकारियों से बहस करते दुकानदार।

# सभी विभाग कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम सफल करेंगे : सीएमओ



झज्जर। कार्यक्रम को लेकर बैठक लेते सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आगाज मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित डीएवी स्कूल से किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सीएमओ डॉक्टर ब्रहमदीप सिंह ने कहा कि सभी विभाग मिलकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। उप सिविल सर्जन डॉक्टर मनोज कुमार सैनी एवं जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि जिलेभर में 1 साल से 19 साल तक एवं लाभार्थी 20 साल से 24 साल तक की महिलाओं को एल्बेंडाजोल गोली खिलाने के लिए सभी विभाग एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों, आईटीआई कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आंगनवाड़ी, ईंट भट्ठों, फैक्ट्री एवं जहां भी लाभार्थी बच्चे एवं महिलाएं रहती हैं वहां पर गोली खिलाई जाएंगी। इसके अलावा बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर कैनोपी लगाकर राहगीरों व यात्रियों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का संदेश दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com



हरिभूमि सहेली





वैलेंटाइन-डे स्पेशल

स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत व्यापक हैं। उसके प्रेम का अर्थ सिर्फ रूमानी नहीं होता। स्त्री का एक अलग ही प्रेममय संसार है। इसमें वह प्रेम को वृहद रूप में जीती है। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, अपनों की खुशी। वह इसी खुशी में ही अपनी खुशी मानती है। वैलेंटाइन-डे पर स्त्रियों के नजरिए से प्रेम की व्याख्या।

# प्रेम के सार्थक भाव को जीती स्त्रियां

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार से लेकर अपनी सहेलियों और आस-पड़ोस तक, स्त्रियां प्रेम के सार्थक भाव को जीती हैं। साथ ही वे स्नेह और जुड़ाव की बुनियाद पर सही मायने में प्रेममयी जीवन का ठिकाना बनाती हैं। व्यावहारिक समझ के साथ अपने परिवेश में प्रेम को पोसती हैं। जरूरत के समय किसी बच्चे-बुजुर्ग की मदद करने की बात हो या पीड़ा के दौर में अपनों का साथ देने की बात, प्रेम से अपनी भूमिका निभाती हैं। उत्सवीय परिवेश में साझी खुशियां मनाते हुए नेह उड़ेलने वाला व्यवहार हो या परंपरागत आयोजनों में किसी सहेली का साथ देने के लिए डट जाने का पहलू, स्त्रियों का प्रेम साथ देने में झलकता है। उनका प्रेम किसी की मनोदशा को जानकर हाथ थाम लेने में नजर आता है। जीवनसाथी हो या परिजन, भावनाओं को समझने और सम्मान देने में प्रतिबिंबित होता है, स्त्रियों का प्रेम-स्नेह।

## जीवन की ऊर्जा-प्रेम

यूं तो प्रेमपगा जुड़ाव हर इंसान के मन-जीवन के लिए संजीवनी-सा होता है, लेकिन स्त्रियां स्नेहमयी साथ को ज्यादा अहमियत देती हैं। प्रेम हर स्त्री के जीवन में बहुत मायने रखता है। भावनाओं की बुनियाद पर अपनों-परायों से जुड़ने वाली स्त्रियां, मन की गहराई से प्यार को समझती हैं। जज्बाती आधार से जुड़ना जानती हैं। खुद को मिले स्नेह-साथ का सम्मान करती हैं। यही वजह है कि उनका भावुक मन भी प्रेमपगे भाव-चाव की खूब चाहत रखता है। एक ओर अपने साथी संग मन की बात करना, स्त्रियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा जुटाने जैसा होता है तो दूसरी ओर साथी के दिल का हाल जानना भी उन्हें सुकून देता है।

स्त्रियों के लिए प्यार जिंदगी को भावपूर्ण लगाव से सींचने वाली नेमत होता है। वे जीवन की इस अंतरंग साझेदारी में निःस्वार्थ भाव से प्रेम जताने और निभाने की राह चुनती हैं। यही कारण है कि स्त्रियां जीवन के हर उतार-चढ़ाव में अपने जीवन साथी को हिम्मत दे पाती हैं। प्रेमपगे समर्पण की यही सोच हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामे हुए है। आस-पड़ोस को जोड़ने वाली सुंदर कड़ी बनी हुई है। स्त्रीमन के स्नेहपूरित एहसास ही समाज के रंग, सजीव रखने का माध्यम बने हुए हैं।

## प्रेम का सार्थक भाव

प्यार किसी की अनुभूतियों को समझना भर नहीं है। आपसी सहजता और स्नेह बनाए रखने के लिए सामने वाले इंसान की भावनाओं का मान करना भी जरूरी है। प्रेम, त्याग और समर्पण



मांगता है। संवेदनशील और सार्थक भावों को मन में स्थान देकर ही प्यार की राह पर चलने वाले हमसफर, साथ को जीने का सही अर्थ समझते हैं। समर्पण के धरातल पर ही सम्मान देने की सोच पनपती है। मनुहार, मान और मन की सुनने-समझने का यह पहलू हर रिश्ते के लिए प्राणवायु सा होता है। देखने में आता है कि स्त्रियां प्रेम के इस जीवंत भाव को न केवल समझती हैं बल्कि जीती भी हैं। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में ह्यूमन डेवलपमेंट के प्रोफेसर डॉ. रॉबर्ट जे. स्टर्नबर्ग के मुताबिक, 'अपने मनोभावों को दूसरे इंसान के साथ शेयर कर पाने और जरूरत पड़ने पर भावनात्मक सपोर्ट देने और पाने का जुड़ाव ही सच्चा प्यार होता है। संघर्ष और जिंदगी की उथल-पुथल के दौर में किसी के साथ होने पर भरोसा महसूस हो तो यह भावनात्मक तौर पर जुड़े होने का संकेत है। साथ ही अगर खुद से पहले किसी दूसरे की खुशी की चाहत मन में हो तो निश्चित तौर पर यह प्रेम है। पूरी दुनिया में हमेशा से ही माताएं इस तरह के महत्वपूर्ण और मानवीय व्यवहार के लिए जानी जाती हैं।' मानवीय मन के अध्ययन से जुड़ी यह बात स्त्री-मन के नेह भरे पक्ष से मिलवाती है, जो प्रेम का सबसे सुंदर और सार्थक पहलू है।



## प्रेम के शाश्वत मूल्य बने रहें

प्रेम के भाव-चाव वक्त के साथ नहीं बदलते। एक दूजे संग मन से जुड़ने की यह रीत एक प्यारी परंपरा सी है। निःस्वार्थ अनुभूतियों से सींचित प्यार सदा से ही स्वार्थ साधने की सोच से परे रहा है। इसीलिए दिली धरातल पर जुड़े अहसास कभी अपने रंग-ढंग नहीं बदलते। प्रेम करने वाले दिल में नकारात्मक भाव जगह नहीं बना पाते। प्रेम के शाश्वत मूल्य यूं भी सहेजने योग्य ही हैं। प्रेम को पोसने वाली इन मान्यनाओं में चाहे आपसी संवाद की बात हो या भावनात्मक अंतरंगता की, इन स्नेहपगे मूल्यों से ही संसार में मानवीय जुड़ाव भी कायम है। लाख दुश्वारियों के बावजूद एक-दूजे को सम्मान, सुरक्षा और स्नेह देना ही तो प्रेम है। प्रेम की शुरुआत एक-दूसरे पर विश्वास के साथ ही होती है। भरोसे के बल पर ही यह गठजोड़ विस्तार पाता है। अपनत्व का यह सूत्र जीवन के हर पहलू पर एक प्यारी साझेदारी की बुनियाद बनाता है। साझे लक्ष्यों को पाने की यात्रा में आपसी सम्मान, आत्मीयता और प्रतिबद्धता जैसे मूल्य, हर रिश्ते में बहुत मायने रखते हैं। ऐसे स्नेह भरे शाश्वत मूल्य परिवार को भावनात्मक रूप से जोड़कर रखते हैं। समाज में सकारात्मकता बढ़ाते हैं। सदा प्रासंगिक रहने वाले मूल्यों को सहेजते इस प्रेमपगे जुड़ाव का यह सबसे प्यारा पहलू है।

## महिला-मन की चाहत

हमारे घरों में स्त्री-मन के भावनात्मक पहलू को समझने का भाव आज भी नदारद है। उनके प्रति जिम्मेदारी तो निभाई जाती है पर जज्बाती जुड़ाव कम दिखता है, उनके अपनों द्वारा कभी भी खुलकर प्यार नहीं जताया जाता। जबकि हर स्त्री प्यार के बदले ढेर सारा प्यार चाहती है। हर रिश्ते में खुलकर प्रेम जताने वाली स्त्रियां अपने लिए भी प्रेमपगे अहसासों की अभिव्यक्ति की उम्मीद रखती हैं। मौजूदा दौर की सजग सशक्त स्त्रियां भी प्यार के प्रति समर्पण और निष्ठा का भाव रखती हैं। ऐसे ही आत्मीय जुड़ाव की आशा भी रखती हैं। सी. एस. लुइस के मुताबिक, 'हमारे जीवन में जो भी दृढ़ और स्थायी खुशी है, उसके लिए नब्बे प्रतिशत प्रेम ही उत्तरदायी है।' महिलाओं से जुड़े सभी रिश्तों को भी समझना चाहिए कि उनका मन भी प्रेमपगे भावों को जीना चाहता है। खासकर जीवनयात्रा में अपने पार्टनर से स्नेह-सत्कार जताने की उम्मीद तो हर महिला को होती ही है।

# सेलिब्रेट करें अपना प्यार

वैलेंटाइन-डे आए और हसबैंड-वाइफ इसे सेलिब्रेट न करें, यह कैसे हो सकता है। जरूरी नहीं इसके लिए आप बहुत बड़े स्तर पर कुछ प्लान करें, आप घर पर ही या बाहर जाकर भी छोटे स्तर पर वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट कर सकती हैं। अपने दांपत्य जीवन में और मधुरता लाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

मैरिड लाइफ

पूर्ति खरे



दांपत्य एक ऐसा रिश्ता है, जो प्यार, विश्वास, समर्पण और आपसी समझ से मजबूत होता है। हालांकि इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए और भी तरीके हैं, लेकिन हमेशा इस रिश्ते की धुरी प्रेम ही माना गया है। पति-पत्नी जॉब के कारण कितने भी दूर अलग-अलग शहर में रह रहे हों, लेकिन वे एक-दूसरे के साथ दिल से जुड़े रहते हैं। इस संदर्भ में यह भी समझना चाहिए कि विवाह एक ऐसा बंधन है, जो बिना प्यार के संभव ही नहीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली के चलते इस रिश्ते के बीच कहीं न कहीं प्यार अपनी सुप्तावस्था में चला जाता है। एक लंबे दांपत्य जीवन के बाद भी कई पति-पत्नी के बीच यही शिकायत रहती है कि उनके बीच का प्यार अब पहले जैसा नहीं रहा। लेकिन हकीकत इससे जुदा होती है, क्योंकि असल में प्यार कभी नहीं बदलता, बस बदलते हैं तो उसको बयां करने के अंदाज। खैर, आपका तरीका जो भी हो,लेकिन प्यार के इस मौसम में अपने साथी के प्रति जो भी भाव आप रखती हैं, उसे अभिव्यक्त जरूर कीजिए। आपके इस भाव को बयां करने के लिए, वैलेंटाइन-डे एक खास मौका है, जो प्यार-रोमांस को समर्पित है। इसे कैसे मनाएं, जरूर जानिए-



**बाहर घूमने जाएं:** अगर संभव हो तो आप अपने साथी के साथ बाहर किसी ऐसी एकांत और सुहावनी जगह पर जाएं, जहां आप दोनों एक-दूसरे को अपना भरपूर समय दे सकें। हो सके तो एक रोमांटिक डेट को अरेंज करें। इसके लिए आप किसी सुंदर पार्क में पिकनिक मना सकती हैं या एक रोमांटिक रेस्तरां में डिनर कर सकती हैं। आप चाहें तो सिनेमा हॉल में एक साथ कोई रोमांटिक फिल्म भी देख सकती हैं। इससे आपको एक रोमांटिक माहौल मिलेगा या फिर किसी डांस स्टूडियो में जाएं और एक साथ डांस करें। इससे आपको करीब आने का मौका मिलेगा।

**शादी की तस्वीरें या वीडियो देखें:** आप अपने पार्टनर के साथ शादी की तस्वीरें देखकर या वीडियो देखकर शादी के पल याद कर सकती हैं। याद रखें, शादी हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल होते हैं, उन पलों को हम दुबारा जी तो नहीं सकते, लेकिन तस्वीरों और वीडियोज में कैद उन पलों को देखते हुए हम उन पलों की स्मृतियां फिर बटोर जरूर सकते हैं।

**घर पर रोमांटिक डिनर:** अगर आप या आपके पार्टनर बाहर नहीं जा सकते या आप घर के बच्चों या बड़ों के कारण घर से बाहर जाने में संकोच कर रही हैं तो आप घर पर ही एक रोमांटिक डिनर अरेंज करें। अपने पसंदीदा व्यंजन बनाएं, उन्हें सुंदर तरीके से परोसें। आप कैंडललाइट डिनर भी कर सकती हैं। साथ ही फूलों से घर को सजाएं। इससे आपको घर में एक रोमांटिक और खुशनुमा माहौल मिलेगा।

**लव लैटर या लव कार्ड:** यह तरीका आपको थोड़ा ओल्ड लग सकता है, लेकिन यकीन मानिए अपने हाथों से लिखे गए प्यार के अल्फाज हमेशा जुदा अहसास कराते हैं। यह बहुत मजेदार आइडिया है, आजमा कर तो देखिए, एक-दूसरे को लव लैटर लिखिए। इससे आपको अपने प्यार को व्यक्त करने का मौका मिलेगा और पढ़ने वाले को यह प्यार से भर देगा। आप यदि लव लैटर लिखने में संकोच कर रही हैं तो एक खूबसूरत कार्ड भी पार्टनर को खरीद कर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में इस तरह के गिफ्ट भी मिलते हैं, जो आपके प्यार को बयां करते हैं।

यह जान लीजिए कि प्यार करने का अंदाज कोई भी हो, बस आपके प्यार में प्यार होना चाहिए। यहां बताए गए आइडियाज को अपनाकर आप अपने वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकती हैं, अपने दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रख सकती हैं। हैप्पी वैलेंटाइन-डे!

मेकअप

विधि गोयल

# इस लव-डे पर आप दिखें सबसे लवली-ब्यूटीफुल

आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप सबसे प्यारी और खूबसूरत नजर आना चाहेंगी। इसके लिए जरूरी है कि मेकअप सही तरीके से किया जाए। यहां आपको बता रहे हैं, परफेक्ट मेकअप करने के तरीके के बारे में।

**प्राइमर:** मेकअप की शुरुआत अपने चेहरे पर प्राइमर अप्लाई करने से करें। मेकअप करने से पहले प्राइमर लगाने से मेकअप को एक अच्छा बेस मिलता है और मेकअप ज्यादा देर तक टिका भी रहता है।

**फाउंडेशन:** प्राइमर लगाने के बाद अपने चेहरे पर लाइट फाउंडेशन या बीबी-सीसी क्रीम अप्लाई करें। मेकअप ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से फाउंडेशन को अच्छी तरह ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि बहुत हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें, वरना फेस केकी लगने लगेगा।



**कंसीलर-कॉम्पैक्ट पावडर:** अगर आपके चेहरे पर डार्क सर्कल्स, पिंपल्स या फाइन लाइंस नजर आती हैं, तो कंसीलर भी जरूर लगाएं। ध्यान रखें कि हमेशा ऐसा कंसीलर इस्तेमाल करें, जो आपके स्किन टोन से एक शेड लाइटर हो। कंसीलर का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं जगहों पर करें, जहां इसकी जरूरत हो। चेहरे की अच्छी तरह से क्लींजिंग करके मॉयश्चराइज करें। फिर स्किन टाइप के अनुसार कंसीलर और फाउंडेशन लगाएं और मैट कॉम्पैक्ट से मेकअप को लॉक करें। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो फेस पावडर लगाने की जरूरत नहीं है। हल्का फाउंडेशन ही काफी है।

**ब्लश से पाएं पिंकिश टोन:** प्यार के रंग से रंगे इस खास दिन अपने गालों पर ब्लश भी जरूर लगाएं। लाइट पिंक कलर का ब्लशर आपके चेहरे को और भी निखार देगा। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करें और अगर आपकी ऑयली स्किन है तो पावडर ब्लश का इस्तेमाल करें।

**आई मेकअप:** आंखों की खूबसूरती को निखारने के लिए आप आई मेकअप में कुछ अलग ढंग से करें। आंखों की पलकों में अपनी ड्रेस से मैचिंग आईशैडो लगाएं। आईलाइनर और काजल की एक पतली कोट लगाएं। आई लैशेज को ग्लैमरस दिखाने के लिए पलकों के ऊपर और नीचे दोनों तरफ से उभार देते हुए मस्कारा लगाएं।

**ग्लिटरी ग्लैम लुक:** नाइट पार्टी के लिए ग्लिटरी ग्लैम लुक मेकअप भी कर सकती हैं। ऐसे लुक के लिए आप बेस मेकअप को ड्युई लुक दें। साथ ही आप ब्लश और हाइलाइटर के लिए लिक्विड या क्रीम प्रोडक्ट्स को चुनें। इसके अलावा आप लिप्स के लिए भी ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

अगर हाल में आपका ब्रेकअप हुआ है, अब इस साल आपका पार्टनर आपके साथ वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करने के लिए नहीं है तो आप उदास, मायूस मत होइए। आप सिंगल ही वैलेंटाइन-डे मना सकती हैं। आपके आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जो आपके साथ प्यार बांट सकते हैं, खुशियां मना सकते हैं।

# अकेले हैं तो क्या गम है...

एडवाइस

नम्रता नदीम

इस बार वैलेंटाइन-डे पर बहुत से ऐसे लोग होंगे, जो हाल ही में अपने टॉक्सिक रिश्तों से बाहर आए होंगे। कुछ समय पहले जिनका ब्रेकअप हुआ होगा और अब किसी के साथ रिलेशनशिप में आने की कल्पना मात्र से ही परेशान होंगे। उन्हें रह-रहकर पिछले साल अपने पार्टनर के साथ मनाए गए वैलेंटाइन-डे की यादें विचलित कर रही होंगी। लेकिन ऐसे लोगों के लिए सिर्फ यही कहा जा सकता है कि 'अकेले हैं तो क्या गम है, चाहे तो हमारे बस में क्या नहीं।' इन लोगों को स्थितियां और परिस्थितियां ही अब अपने आप से प्यार करने की जरूरत समझाएंगी। अब इनके लिए वो दिन बीत गए जब ये रिलेशनशिप में थे, किसी और के लिए तैयार होकर डेट पर जाते थे।

**अब खुद को करना है पैंपर:** इस बात को समझें कि अब खुद से ही खुद को पेंपर करना है। प्यार के इस खास दिन के लिए अपने आपको घर के किसी कमरे में बंद करके सैड सॉन्ग सुनने की बजाय क्यों न इस बार वैलेंटाइन-डे खुद के साथ ही सेलिब्रेट करें, क्योंकि किसी ने बिल्कुल सही ही तो कहा है, सेल्फ लव इज अल्टीमेट लव।

**खुद को दें पार्टी या बनाएं फेवरेट डिश:** अगर आप सिंगल हैं और इस बार अपना वैलेंटाइन-डे भी मनाना चाहती हैं तो जरूरी नहीं कि बाहर लंच या डिनर के लिए आपका पार्टनर आपके साथ हो। आप अकेले भी जाकर खुद को पार्टी दे सकती हैं। घर पर रहकर बोर होने और ब्रेकअप का मातम मनाने की बजाय अपने दूसरे सिंगल दोस्त से घर या ऑफिस के बाद मिलें और उसके या अपने घर में अपनी फेवरेट डिश बनाएं। अपने मम्मी-पापा या ग्रैंड पैरेंट्स के साथ मौज-मस्ती करें। इससे आपको ही नहीं, उनको भी अच्छा लगेगा। अगर आपके कई सिंगल दोस्त हैं तो सब लोग मिलकर पार्टी करें, सब कहीं बाहर जाकर भी लंच या डिनर में अपने सिंगलहुड को एंज्वॉय कर सकती हैं।



**दूसरों का दुख-दर्द बांटें:** मनोविदों की मानें तो जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं तो इससे हमें अपार खुशी मिलती है। यह जरूरी नहीं कि ये दूसरे लोग हमारे बहुत करीबी ही हों। इस दिन किसी वृद्ध आश्रम या अनाथालय में जाकर बुजुर्गों और बच्चों को खाने की कुछ चीजें दें। बुजुर्गों के दुख-दर्द सुनें और उनके साथ बातें करें। घर-परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ मिलकर गरीब बच्चों के लिए खाना बनाकर खिलाएं। ऐसी एक्टिविटीज से सिंगल होने का दुख नहीं सताता और दूसरों को भी खुशी मिलती है।

**सेल्फ डेट प्लान करें:** जिनका हालिया ब्रेकअप हुआ है, पिछले वैलेंटाइन-डे पर वह अपने डेट के साथ कौन-सी खूबसूरत ड्रेस पहनकर गई थीं, इस दिन को खूब एंज्वॉय किया था, अब उन्हें इसकी अगर याद सताए तो इस तरह के हैंगओवर से भी बाहर आना जरूरी है। खुद के साथ सेल्फ डेट प्लान करें। वैलेंटाइन-डे के लिए ऐसी मनचाही सुंदर ड्रेस खरीदें, जिसे आप कई दिनों से खरीदने की सोच रही हैं। इस ड्रेस को पहनकर अपने किसी खास दोस्त से मिलें और खुद को ही यह साबित कर दें कि वैलेंटाइन-डे खुद के साथ भी मनाया जा सकता है।

## मम्मी-पापा के साथ मनाएं वैलेंटाइन-डे



**क्या हुआ** जो पिछले साल आपने रिलेशनशिप में रहते हुए, जिसे हद से ज्यादा प्यार किया था, उसके साथ एक मेमोरेबल वैलेंटाइन-डे मनाया था! क्या हुआ अगर उसकी याद भर बाकी है। उस टॉक्सिक व्यक्ति के साथ मनाए गए उस वैलेंटाइन-डे को भूल जाइए और उससे ब्रेकअप करने को अपने भविष्य के लिए बेहद जरूरी समझते हुए उसकी यादों से भी बाहर आ जाइए। इस बार का वैलेंटाइन-डे मम्मी-पापा के साथ मनाएं। पैरेंट्स के ऊपर अपने प्यार की बौछार करके तो देखें, उनके साथ छुट्टी लेकर पूरा दिन बिताएं। उनके साथ लंच-डिनर करें। माता-पिता से अच्छा वैलेंटाइन-डे पार्टनर भला और कौन हो सकता है!

फीलिंग्स

श्रुति आयंगर

जब मौका हो वैलेंटाइन-डे का तो आप जरूर अपने लव/लाइफ पार्टनर को प्यारा सा गिफ्ट देकर अपनी फीलिंग्स उनके सामने प्रकट करना चाहेंगी। प्यार का इजहार करना हो या प्यार को और भी प्रगाढ़ करना हो तो इसके लिए लव कपल्स एक-दूसरे को गिफ्ट देना पसंद करते हैं। अगर आपने अपने वैलेंटाइन के लिए अभी तक कोई गिफ्ट सेलेक्ट नहीं किया है, तो यहां बताए जा रहे, गिफ्ट आइडियाज पर गौर कर सकती हैं।

वैलेंटाइन-डे के अवसर पर गिफ्ट देना प्यार जताने का एक बेहतरीन तरीका होता है। आप भी अपने लव/लाइफ पार्टनर को इस मौके पर कुछ खास गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। जानिए, गिफ्ट देने के कुछ यूनीक आइडियाज।

# गिफ्ट हो ऐसा जिसमें झलके आपका प्यार

**फोटो फ्रेम विद म्यूजिक:** गिफ्ट के तौर पर फोटो फ्रेम देना काफी अच्छा ऑप्शन माना जाता है। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर को वैलेंटाइन-डे पर कुछ स्पेशल गिफ्ट देना चाहती हैं तो उन्हें प्लेन फोटो फ्रेम देने की बजाय, फोटो फ्रेम विद म्यूजिक दे सकती हैं। इस फ्रेम की खासियत यह होती है कि यह फ्रेम ग्लास का बना होता है और इसमें आप जो भी गाना सेलेक्ट करती हैं, उसे इस फ्रेम में कस्टमाइज करवा सकती हैं। इसमें स्पेशल क्यूआर कोड की सुविधा होती है। आप इस कोड की मदद से अपने पार्टनर को अपना सेलेक्ट किया गाना सुनवा भी सकती हैं। यह गिफ्ट बेहद यूनीक लगता है। इसमें आप अपने पार्टनर के साथ की फोटो का कोलाज बनाकर भी एड करवा सकती हैं।





**चॉकलेट बुके विद हैंपर:** वैलेंटाइन-डे जैसे मौके पर चॉकलेट्स गिफ्ट करने का काफी ट्रेंड है। आप भी चाहें तो इस अवसर पर अपने पार्टनर को चॉकलेट्स हैंपर या चॉकलेट बुके गिफ्ट कर सकती हैं। इसमें आप उनकी पसंद की चॉकलेट्स का हैंपर या बुके बनवा सकती हैं। चॉकलेट के साथ में छोटे-छोटे फूल, टेडीबियर, लव कोट्स लिखा एक कार्ड भी लगवा सकती हैं। अगर उन्हें केक पसंद है तो वो भी इसके साथ दे सकती हैं। इसके अलावा आप चॉकलेट्स से भरा हुआ एक सरप्राइज एक्सप्लोजन बॉक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल ये काफी ट्रेंड में है।

**हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स:** ऐसे स्पेशल डेज पर हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट देना न केवल आपके साथी को खुशी देता है बल्कि ये आपके बीच के प्यार को भी और गहरा बनाता है। इस वैलेंटाइन-डे पर अपने प्यार को, एक यादगार तोहफे के रूप में पर्सनलाइज्ड-हैंडमेड गिफ्ट देकर इसे खास बना सकती हैं। आप अपने पार्टनर के लिए अपने हाथों से बने क्राफ्ट बेस ग्रीटिंग कार्ड, हाथ से लिखे लव लेटर या कविता, अपने हाथों से बना स्कार्फ, किसी कपड़े या रुमाल में कढ़ाई करके उनको गिफ्ट कर सकती हैं। माना ये तरीके पुराने हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड मग, पर्सनलाइज्ड ज्वेलरी, कस्टमाइज्ड कुशन कवर, कस्टमाइज्ड वॉल आर्ट और अपने पार्टनर के लिए प्यारा-सा पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज भी भेज सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह का गिफ्ट पाकर आपके पार्टनर के मन में आपके प्रति प्यार और गहरा हो जाएगा।




**गिफ्ट हैंपर:** वैलेंटाइन-डे को देखते हुए, इन दिनों मार्केट में कई तरह के गिफ्ट हैंपर मिल रहे हैं। आप भी चाहें तो वैलेंटाइन-डे पर अपने पार्टनर को इनमें से कोई गिफ्ट हैंपर सेलेक्ट कर दे सकती हैं। इसमें आप उनका पसंदीदा परफ्यूम, चेन, रिंग, वॉलेट, वॉच, ज्वेलरी प्रेजेंट कर सकती हैं। आप ऑनलाइन भी ऑर्डर करवा सकती हैं।

## खबर संक्षेप



झज्जर। निदेशक धर्मेंद्र जून के साथ हवन में आहुति डालते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यालय स्थापना दिवस पर किया हवन का आयोजन

झज्जर। सोमवार को कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में विद्यालय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। पंडित गोपी राम शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कराए गए इस हवन कार्यक्रम में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने आहुति डालते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने हरियाणवीं गीतों पर नृत्य करके समां बांधा। कुछ विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय की विशेषताओं को बताते हुए भी विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने बताया कि इस विद्यालय की स्थापना का एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान देकर उनके भविष्य को संवारना है। इस मौके पर शिक्षक देवेंद्र कुमार व शिक्षिका प्रियंका सहित अन्य भी मौजूद रहे।

प्रशासनिक स्तर पर इन्हें गोशालाओं में भेजने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही

# हिसंक हो रहे बेसहारा गोवंश, दिनभर सड़कों पर लगा रहता है जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर की सड़कों पर बेसहारा गोवंशों की संख्या निरंतर बढ़ती ही जा रही है। दिनभर ये बेसहारा गोवंश शहर की सड़कों, बाजारों, गली मोहल्लों में घूमते रहते है। लेकिन रात के समय ये बेसहारा पशु सड़कों के बीचों-बीच अपना डेरा जमा लेते हैं। किसी स्थान पर सड़कों के बीचों-बीच बैठ जाना तो किसी स्थान पर खड़े रहते है। जिसके चलते दुर्घटना होने की अंदेशा बना रहता है। सड़क के बीचों-बीच बैठे इन पशुओं को बचाने के चक्कर में कई दफा हादसे भी हो चुके है। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इन्हें गोशालाओं में भेजने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिसके चलते शहरवासियों में काफी रोष भी बना हुआ है।इन बेसहारा गोवंशों की संख्या में तेजी





झज्जर। आपस में ही भिड़ कर लहू-लहुलान हुए बेसहारा गोवंश, शहर के धौड़ चौक पर सड़क के बीचों-बीच खड़े बेसहारा गोवंश। फोटो :हरिभूमि

से वृद्धि हो रही है। शहर की कोई भी ऐसी गली नहीं बची है, जिसमें ये बेसहारा पशु ना घूम रहे हो। कई पशु तो इतने हिसंक है कि कई लोगों को चोटिल भी कर चुके है। बुजुर्गो और बच्चों को तो अकेले घर से बाहर निकलने में भी डर लगता है। लोगों का कहना है कि बीते कुछ महीनों में इन बेसहारा गौवंशों की संख्या में बेहताशा वृद्धि हुई है। पहले इनका दायरा सीमित था और ये सिर्फ सब्जी मंडी में ही दिखाई देते थे। लेकिन अब तो शहर की प्रत्येक गली मौहल्लों में घूमते दिखाई देते है। लेकिन अंबेडकर चौक, शिव कालोनी, पुराना बस अड्डा रोड, माता गेट, धौड़ चौक, भगत सिंह चौक, सरकुर्लर रोड पर हालत ज्यादा खराब है। जहां रात के समय ये सड़कों के बीचों-बीच बैठ जाते है। जिसके चलते दुर्घटना होने का अंदेशा बढ़ रहा है और इससे पहले कई हादसे हो चुके चुके है।

**जल्द लगाया जाएगा टेंडर**

नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी का कहना है कि बेसहारा गौवंशों को पकड़ने के लिए अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया जा रहा है। जल्द ही बेसहारा गौवंशों को पकड़ने के लिए टेंडर लगाया जाएगा। उनका प्रयास यहीं है कि आमजन को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।



झज्जर। महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्वयंसेवक।

### महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वयंसेवियों ने किया श्रमदान

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में एनएसएस इकाई एक और इकाई दो द्वारा एक दिवसीय सफाई अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉक्टर अनीता रानी के नेतृत्व में दोनों इकाई के स्वयंसेवियों ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। एनएसएस इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी सुनीता रानी व डॉक्टर सवीन ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सफाई से संबंधित एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना रहा। प्राचार्या डॉक्टर अनीता रानी ने स्वयंसेवियों द्वारा किए गए श्रमदान की सराहना की। इस मौके पर निशा रानी, राजेश कुमार, ओमबीर, प्रदीप कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में दर्ज हुई 23 शिकायतें



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीडीपीओ निशा तंवर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को जिला स्तर पर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित समाधान शिविर में डीडीपीओ निशा तंवर ने लोगों की समस्याओं को सुना। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 23 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। शिविर में जल आपूर्ति, विद्युत, पेंशन, राजस्व संबंधी मुद्दों के साथ-साथ अन्य नागरिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे भविष्य में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इसमें भाग लें।

### दो सौ किलोमीटर साइकिल चला दिया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश



झज्जर। आर्मी के जवानों के साथ साइकिलिस्ट स्वीटी अहलावत।

झज्जर। रविवार को गांव डीघल की बेटी साइकिलिस्ट स्वीटी अहलावत ने नोएडा से आगरा तक 210 किलोमीटर साइकिल चलाई जो कि दिल्ली से पुणे साइकिल अभियान का तीसरा संस्करण रहा। इस अभियान में हिस्सा लेकर दिल्ली से आगरा अध्याय को भारत के अलग अलग राज्यों से आए हुए साइकिलिस्टों ने सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया। जिसमें सशस्त्र बलों और नागरिकों की 15 सदस्यीय मिश्रित टीम ने नौ घंटे में 210 किलोमीटर की दूरी तय करके नोएडा से आगरा तक यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से साइकिल चलाई। इस हिन्दयान साइकिल अभियान को युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से करवाया गया। आयोजक विष्णुदास चापके महाराष्ट्र ने इस वर्ष के आयोजन की अनूठी प्रकृति पर प्रकाश डाला कि साइकिल चालक बिना ब्रेक लगाए 200 किलोमीटर की दूरी तय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए साइकिल को एक स्थायी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक परिवहन के रूप में बढ़ावा देना है। डीघल गांव की साइकिलिस्ट स्वीटी अहलावत एक राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिस्ट है और साइकिल के खेल मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ साथ समाज मे फैली हुई सामाजिक बुराइयों के खिलाफ मुहिम चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है।

# दुर्गा मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की मूर्ति स्थापित

■ कभी कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े..भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को दुर्गा भवन मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान आयोजित हवन में यज्ञमान व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहूतियां डाली। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित मीनू शर्मा ने कहा कि धर्म जीवन में वास्तविक आनंद का स्रोत है और हर समस्या का समाधान प्रदान करता है। पंडित पंकज भारद्वाज ने कहा कि मंदिर से लोगों की आस्था जुड़ी है। मंदिर में लक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चना करने से श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। ईश्वर से बड़ी संसार में कोई शक्ति नहीं है। हर व्यक्ति को ईश्वर की भक्ति में समय देना चाहिए। रविवार देर रात को भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें देवेश शर्मा, अमित कटारिया, पंकज भारद्वाज सहित मीनू शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना के साथ जग में सुंदर है दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम, बोलो राम राम राम.. कभी कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े, जाना था गंगा पार प्रभु केवट की नाव चढ़े..श्री राम का सेवक है ये, भक्तों का रखवाला है, इसकी महिमा बहुत बड़ी है, इसका खेल निराला है, भक्तों से भगवान का रिश्ता, गहरा होता है, मेरे दरवाजे पे हनुमान का, पहरा होता है..नाम है तेरा तारण हारा, कब तेरा दर्शन होगा, जिनकी प्रतिमा इतनी सुंदर, वो कितना सुंदर होगा..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार।

## पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा डीघल टोल प्लाजा पर तैनात पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी दुजाना अंकित कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान अमन निवासी खिडवाली जिला रोहतक के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी पर पहले भी जानलेवा हमला करने सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# परीक्षा पे चर्चा, पीएम मोदी से छात्रों ने लिए गुरू मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी रुपिंदर नांदल, रमेश चौहान, विद्यालय प्राचार्य जोगेंद्र धनखड़, निपुण हरियाणा के जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया सहित झज्जर व बेरी खंड के सभी स्कूल मुखियाओं, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और अपने जीवन में उनका अनुसरण करने का निश्चय लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के तनाव को दूर करने, समय प्रबंधन की कुशलता, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा आत्मविश्वास के साथ सफलता प्राप्त करने पर जोर देते हुए विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से मुक्त रहने और मानसिक रूप से सशक्त बनने में सहायता मिली है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ है।



झज्जर। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी, शिक्षक एवं विभागीय अधिकारी।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को करवाया योगासनों का अभ्यास

झज्जर। हिमालय हाई स्कूल में योगा ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य इंद्रजीत व हर्ष द्वारा विद्यार्थियों को योग से संबंधित क्रियाएं कराई गई। योगाचार्य इंद्रजीत ने बताया कि छोटे बच्चों में आ रही चश्मा लगाने, चिड़चिड़ापन व मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का इलाज योग द्वारा ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में काम आने वाले पांच आसान शीर्षासन, सर्वांगासन, चक्रासन, पश्चिमो तानासन, हलासन का अभ्यास कराया। योग शिक्षक हर्ष ने बताया कि यह प्रोग्राम स्कूलों, कॉलेज के साथ-साथ मौहल्ला व वार्ड स्तर पर भी किया जाएगा ताकि लोग योग व आयुर्वेद के प्रति और जागरुक हो सके।

### स्काउट एंड गाइड दल के प्रतिभागियों को किया सम्मानित



झज्जर। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के साथ स्काउट एंड गाइड दल के प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। भारत स्काउट गाइड की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर तमिलनाडू के त्रिची में आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी में भागीदारी करने वाले स्काउट्स एंड गाइड्सो दल के 57 प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र व डोआसी गाइड मैनावंती ने बताया कि उनके जिले के 57 प्रतिभागियों के दल ने जंबूरी में भाग लेकर हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। दल ने विभिन्न गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जंबूरी के दौरान दल के सदस्यों ने पायनियरिंग, कलर पार्टी, परेड, बैंड, रंगोली, प्रदर्शनी, फूड प्लाजा, कैंप फायर, ग्रुप डांस, स्टेट गेट, कैंप क्राफ्ट, पीजेंट शो, ग्लोबल विलेज आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में सराहनीय प्रदर्शन किया वहीं स्टेट गेट में टॉप ग्रेड लेवल हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया। इसी उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया है।

### जिलास्तरीय भाषण प्रतियोगिता में दक्षिता ने प्राप्त किया पहला स्थान

झज्जर : राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग और हरको फेड पंचकूला द्वारा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वाणिज्य प्राध्यापिका डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रारंभ शिक्षण संस्थान की छात्रा दक्षिता ने पहला स्थान व खुशी ने दूसरा स्थान और राजकीय नेहरू महाविद्यालय की अनामिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रारंभ शिक्षण संस्थान की छात्रा संस्कृति और राजकीय नेहरू महाविद्यालय की नीलम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने कहा कि इस बदलाव के दौर में अब हमें सिर्फ नौकरी का लक्ष्य न रखकर सहकारी समिति जैसे विकल्पों पर भी सोचना होगा। जिससे राष्ट्र के सतत विकास में हम अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकें। प्रतियोगिता का निर्णय श्रीकिशन चाहर, डॉक्टर कविता और गीतांजलि ने किया।



झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

# लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में झज्जर व उपमंडल बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी आठ मार्च को किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों इत्यादि के उच्च अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया। जिसमें आम जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन बिजली विभाग, सिंचाई विभाग व पंचायती राज, जिससे आम जनता को लोन रिकवरी केस में अधिकतम छूट वाहन दुर्घटना मुआवजा में अधिकतम मुआवजा आपसी सहमति के आधार पर दिया जा सके। छोटे अपराधों में ट्रैफिक चालान व फैक्ट्री इत्यादि मामलों के निपटारे में रियायत एवं नरमी बरती जाएगी।



झज्जर। विशाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर सचिव एवं सीजेएम।



झज्जर। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सुनते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक सुना परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

झज्जर। सोमवार को एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई बातों को ध्यान से सुना। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश का बच्चा सुपर पॉलिटिशियन होता है। जब अच्छा लगे तब पढ़ो। सभी अध्यापकों व अभिभावकों से उन्होंने कहा कि पढ़ाई को लेकर बच्चों पर दबाव न डालें। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुनने उपरांत विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री की बातों को भावी परीक्षा में लागू करने का निश्चय किया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर, एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मुकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

# स्वयंसेवियों को किया पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक

■ प्रकृति के साथ हमेशा मित्रता का व्यवहार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रिटायर्ड प्रोफेसर अनुप परमार ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति सर्जनात्मक है। इसके साथ खिलवाड़ करने से विनाशकारी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ज्वालामुखी का फटना, बाढ़ आना, भूकंप के झटके, चक्रवाती तूफान, सूखा, अकाल, अत्यधिक गर्मी आदि प्राकृतिक अपदाओं की श्रेणी में आती है। मनुष्य ने अपनी भौतिक सुख-सुविधाओं के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, नदियों पर बांध, पहाड़ों में सुरंग बनाकर रास्ते निकालने, भूमि से अत्यधिक मात्रा में जल का दोहन, नदियों के तटीय इलाकों में निर्माण कार्य कर डाला है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ हमेशा मित्रता का व्यवहार करें। मंच संचालन एनएसएस यूनिट एक के प्रभारी रणदीप चौहान ने किया। दोपहर सत्र में नागरिक अस्पताल से काउंसलर संदीप जांगड़ा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल, कालेजों और यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़ हिस्सा लेकर समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य को लेकर योजना की शुरूआत की गई थी। राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य दूसरों की सहायता करना होता है। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया, एनएसएस प्रभारी डॉक्टर सरला, डॉक्टर राजेश, डॉक्टर आशीष, डॉक्टर सोमबीर सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए संदीप जांगड़ा। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते हुए विद्यार्थी।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक

झज्जर। सोमवार को आरईडी विद्यालय में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से परीक्षा के तनाव को कम करने, समय प्रबंधन, स्मार्ट अध्ययन तकनीकों और जीवन में अनुशासन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके सवालों के जवाब भी दिए। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया। विद्यालय प्राचार्या अनिता सिवाच ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद आवश्यक हैं।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। छारा कॉलेज परिसर में सफाई करते स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

### छारा कॉलेज में स्वयंसेवकों ने की सफाई

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ अनीता दलाल के मार्गदर्शन में एनएसएस कोर्डिनेटर मंजू मलिक द्वारा एक दिन का कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर कॉलेज परिसर में सफाई की। इस अवसर पर डॉ संजय देसवाल, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. मनोज कुमार, ज्योति, डॉ. ललिता, लोकेश, प्रवीन दलाल आदि मौजूद रहे।

### बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण की बैठक आज

**झज्जर।** मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक चेयरमैन की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगी। बैठक में बिजली व बिलों से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। यदि कोई उपभोक्ता अपने परिवाद को लेकर कार्यकारी अभियंता या एसडीओ की कार्यवाही से संतुष्ट न हो तो वह चेयरमैन, अधीक्षण अभियंता के समक्ष अपनी बात रख सकता है। उन्होंने बताया कि फोरम में उपभोक्ता की बिजली से जुड़ी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है।

### पर्यावरण प्रेमियों ने लोगों से साइट पर गंदगी न डालने की अपील की

# गोरैया साइट पर डाला जा रहा कचरा और मलबा, दीवार भी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में प्रदूषण की समस्या गंभीर है। इसे देखते हुए कुछ संस्थाएं यहां हरियाली पर जोर दे रही हैं, लेकिन पर्यावरण संरक्षण के इन प्रयासों पर कुछ असंवेदनशील लोग पानी फेर रहे हैं। रोहतक-दिल्ली रोड पर गोरैया साइट पर कचरा और मलबा डाला जा रहा है। कई जगह से फेंसिंग व दीवार भी तोड़ दी गई है। पर्यावरण प्रेमियों ने सोमवार को जागरूकता मुहिम चलाकर आसपास रहने वाले लोगों से साइट पर गंदगी न फैलने देने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।

दरअसल, दशकों से कचरे से अटी इस जमीन को संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति व क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट सहित कुछ अन्य संस्थाओं से जुड़े पर्यावरण प्रेमियों ने कड़ी मशक्कत के बाद साफ किया। संबंधित विभाग से अनुमति मिलने के बाद यहां बड़े स्तर पर पौधे लगाए। गंदगी से बदहाल जगह को एक दम नया रूप दे दिया, जिसका परिणाम आने वाले समय में लोगों को देखने को मिलेगा। इन प्रयासों के बीच कुछ असंवेदनशील लोगों द्वारा इस साइट को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सांखोल की अंदर वाली सड़क के साथ लगती दीवार कई जगह से तोड़ दी गई है। कचरा और मलबा डाला जा रहा है। गंदा पानी भी छोड़ा जा रहा है।

इस वजह से पर्यावरणप्रेमियों ने निराशा जाहिर की है। सोमवार को पर्यावरण प्रेमियों ने आसपास रहने वाले लोगों, दुकानदारों को जागरूक किया। पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि इस साइट पर बेहद मेहनत की जा रही है। लोगों को पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में सहयोग करना चाहिए।

अगर सहयोग नहीं कर सकते तो कम से कम यहां गंदगी न फैलाएं। कुछ वर्षों बाद जब यह जगह हरीभरी होगी तो यहां आसपास रहने वाले लोगों को ही सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। प्रशासन भी इस तरफ ध्यान दे।



बहादुरगढ़। गोरैया साइट पर एक तरफ टूटी दीवार व फैली गंदगी व साइट के आसपास जागरूकता मुहिम चलाते पर्यावरण प्रेमी। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। हर्ष और दिशा को प्रोत्साहित करती प्राचार्या व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### अंतर जिला में दूसरे स्थान पर रहा मॉडल

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के विज्ञान प्रदर्शनी के संयोजक राजीव कुमार के नेतृत्व में प्राणीशास्त्र विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतर-जिला विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। "फिनोमेनल विटामिन डी: बिल्डिंग हेल्थ एंड मॉर्टेलिटी" प्रोजेक्ट को यह पुरस्कार मिला है। इसमें बीएससी मेडिकल के हर्ष और बीएससी लाइफ साइंस की दिशा ने उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। डॉ. शशि व डॉ. मोनिका ने प्रोजेक्ट प्रभारी की भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या सुमन हुड्डा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


बहादुरगढ़। जोन प्रभारी के साथ पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

### जोन प्रभारी का स्वागत किया

**बहादुरगढ़।** बसपा बहादुरगढ़ की सोमवार को विधानसभा स्तर की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में संगठन को मजबूती देने सहित अन्य मुद्दों पर मंथन हुआ। मीटिंग में बसपा के हाल ही में जोन प्रभारी बने हेमचंद्र मेहरा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उनका सांखोल स्थित कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर हेमचंद्र मेहरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झज्जर में बसपा की नई रणनीति तैयार की जाएगी। नए युवा चेहरों को जोड़ा जाएगा ताकि संगठन मजबूत बन सके। इस अवसर पर जिला प्रभारी रतन लाल गौतम, जिला कार्यकारिणी सदस्य सतबीर जाखौदा, कृष्ण सांखोल, हलका अध्यक्ष बलजीत तंवर, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास, बीवीएफ संयोजक भूपेंद्र सिंह, अमित सांखोल, शक्ति तंवर, नीरज, जयभगवान सिंह, रणधीर राठी, लालबाबू सहित अन्य उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। जसबीर के जन्मदिन का केक काटते सीएम नायब सैनी। फोटो: हरिभूमि

### सीएम ने काटा जसबीर के जन्मदिन का केक

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने केक काट उनका मुंह मीठा करवाया। सीएम ने जसबीर सैनी की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ता के मान-सम्मान को सर्वोपरि रखती है। जसबीर ने सीएम को दिल्ली में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर भी बधाई दी। इस अवसर पर सोनू सरपंच, मोंटी सरपंच, रोहित प्रधान, कैलाश, जसवंत सैनी, नीरज, सुभाष, प्रदीप, अजित, जीवन, अमित, कृष्ण, दलीप, मुकेश, हरीश व अनिल आदि मौजूद रहे।

## बलजीत नगर व सेक्टर-2 में निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने सोमवार को वार्ड-8 के बलजीत नगर में नारियल फोड़कर गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। गली के निर्माण पर करीब 5 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

कौशिक ने कहा कि यह गली बनने से लोगों को आवागमन काफी सुविधा होगी। दिनेश कौशिक ने कहा कि गलियों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता व टेंडर के तय मानकों के अनुसार होना चाहिए।

कॉलोनी वासियों से भी काम पर नजर रखने का अनुरोध किया। कौशिक ने सेक्टर-2 में करीब 5 लाख रुपए की लागत से करवाए जा रहे इंटर लॉकिंग टाइल बिछाने के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। यह कार्य पूरा होने के बाद लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, दिनेश शेखावत, रामकंवार सैनी, नरेश भारद्वाज, मुकेश कौशिक, सुरेंद्र भारद्वाज, भीम सिंह प्रणामी, हरिमोहन धाकरे, प्रवीण छिल्लर, अनिल, जेई संदीप, राम अहलावत, बिरजू शर्मा, टीनू शर्मा, जग्गू राठी, दीपक राठी, दीपक राठी, दुष्यंत व रमेश आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। लाइनपार में निर्माण कार्य का शुभारंभ करते दिनेश कौशिक।


बहादुरगढ़। स्कूल में पीएम का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखते विद्यार्थी।

### पीएम का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम सुना

**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को लाइव देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तनाव रहित रहकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें ताकि बेहतर परीक्षा परिणाम आ सके। प्रधानाचार्य पूनम चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम 8 से 12वीं कक्षो तक के विद्यार्थियों ने लाइव देखा। ये महत्वपूर्ण टिप्स विद्यार्थियों के लिए काफी सहायक साबित होंगे।


बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं के साथ केक काटते पूर्व विधायक नरेश कौशिक।

## भाजपाइयों ने मनाया कौशिक का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पूर्व विधायक नरेश कौशिक का 59वां जन्मदिवस मनाया। उनके कार्यालय पर केक काटने के साथ ही फल व लड्डू वितरित किए गए। कार्यकर्ताओं ने पगड़ी बांधकर व फूल मालाओं से उनका सम्मान भी किया। साथ ही उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस मौके पर संत इंद्रवेश महाराज ने पूर्व विधायक नरेश कौशिक को आशीर्वाद भी दिया। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने सभी का आभार जताते हुए पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को लेकर भी चर्चा की।

## सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चुनी गई अन्नू शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एनएसएस सेल द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी एवं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चयन प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के लगभग 120 कार्यक्रम अधिकारियों में से 4 अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ के रूप में चुना गया। जिसमें वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अन्नू शर्मा चयनित हुई।

चयन समिति में रीजनल डायरेक्टर डॉ. श्रवण कटारिया, स्टेट एनएसएस ऑफिसर डॉ. दिनेश कुमार, एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी, नेहरू कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दलबीर हुड्डा, जीवीएम कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मंजुला शामिल रही। सबसे पहले जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवकों का चयन किया गया। गहन मूल्यांकन के बाद 6 स्वयंसेवकों को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि हमारी स्वयंसेविकाओं की सफलता और ऐसी उपलब्धियों हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। कॉलेज प्रेसिडेंट सत्यनारायण अग्रवाल व प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने भी अन्नू शर्मा समेत पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए, उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की।


बहादुरगढ़। सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का चयन करते समिति सदस्य। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। जीडी गोयनका स्कूल में हुए हवन में आहुति डालती शैलजा जून व अन्य।

### जीडी गोयनका स्कूल में हुआ हवन

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सोमवार प्रातः हवन करवाया गया। कक्षा दसवीं व बारहवीं की आगामी वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए हवन किया गया। हवन में मुख्य यजमान के तौर पर स्कूल निदेशिका शैलजा जून व प्रधानाचार्या मौजूद रही। अध्यापकों और विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से हवन में आहुति डाली। हवन के दौरान उच्चारित मंत्रों ने विद्यार्थियों में सकारात्मकता व ऊर्जा का संचार कर दिया। यज्ञ के उपरांत सभी विद्यार्थियों को प्रसाद व उपहार भेंट किए गए। प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों को हवन के धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व से अवगत करवाया। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने हवन के दौरान मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प व प्रसाद अर्पित करते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आगामी परीक्षा में तनाव को त्यागकर अपनी क्षमताओं पर विश्वास करते हुए शत प्रतिशत प्रदर्शन करें।

### 5वीं बार सर्व सम्मति से चुने गए समिति पदाधिकारी

**बहादुरगढ़।** सोमवार को सार्थक सेवा समिति की मीटिंग हुई। जिसमें सबसे पहले गौरव अरोड़ा द्वारा 31 जनवरी तक का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद पांचवीं बार समिति की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। एनएस कपूर अध्यक्ष, वजीर सिंह दहिया महासचिव, हरिचंद रोझा कोषाध्यक्ष, प्रभात कपूर आयोजन सचिव, कर्नल अनिल कुमार जून मुख्य सलाहकार, गौरव अरोड़ा वित्तीय सलाहकार चुने गए। ज्ञान सिंह सैनी लाईब्रेरी प्रबंधक, सोमपाल दलाल, विरेन्द्र मुद्गल व रविन्द्र पांचाल सहसचिव, एसएम पाल, रामकुमार तहलान, आरके वशिष्ठ व महाबीर जांगड़ा उपाध्यक्ष, सुदेश संदूजा व ओमप्रकाशी सह आयोजन सचिव, राजबाला दलाल व सुदेश संदूजा सहायक प्रबंधक लाईब्रेरी बनाई गई।


बहादुरगढ़। सार्थक सेवा समिति की नई कार्यकारिणी। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। छात्राओं द्वारा बनाई रंगोली देखते निर्णायक मंडल के सदस्य।

### जसौरखेड़ी कॉलेज में हुई सांस्कृतिक गतिविधि

**बहादुरगढ़।** सोमवार को जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मंगलम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रभारी संदीप किराड़ द्वारा किया गया। हमारी संस्कृति, हमारी धरोहर विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पहले पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन, रंगोली और मेहंदी कंपीटिशन का आयोजन किया गया। जबकि दूसरे दिन नृत्य, गायन, भाषण और कविता वाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ पूनम, डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ सुनैना, डॉ सुनील और अजय कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित 7 दिवसीय कैंप का सोमवार को समापन हो गया। कैंप में श्रीजी, दीपिका, तानिया व राखी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविकाओं के रूप में चुना गया। सरपंच मुकेश राठी ने भी स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहित किया। स्वयं सेविकाओं ने देशभक्ति गीत, एनएसएस गीत व लोक नृत्य आदि के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

एमडीयू की एनएसएस कोर्डिनेटर प्रो सविता राठी ने बतौर मुख्य अतिथि स्वयंसेविकाओं के कार्यों की सराहना की। उनके अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका होना गर्व की बात है। एनएसएस इकाई हमें मिल-जुलकर रहना सिखाती है। जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करने के भाव भी भरती है।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि कैंप के दौरान सड़क सुरक्षा व्याख्यान, नशा मुक्त भारत विषय पर रैली, पर्यावरण सुरक्षा, संरक्षण व यातायात के नियम पर भाषण प्रतियोगिता, हस्त कार्यशाला, कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी व आहार में पोषक तत्वों की भूमिका पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

एनएसएस अधिकारी प्रवेश दहिया ने बताया कि कैंप में लगभग 50 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। शिविर के समापन समारोह में गांव की महिलाओं, बुजुर्गों, व बच्चों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। स्वयंसेविकाओं ने लोक नृत्य, देशभक्ति गीत, भाषण, काव्य पाठ व नुक्कड़ नाटक आदि विभिन्न गतिविधियों से समाज में जागरूकता फैलाई। एनएसएस क्लर्क आरती, चपरासी बिमला व रोशनी को भी शॉल देकर सम्मानित किया गया।


बहादुरगढ़। स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र देती अतिथि व आयोजक। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

### वार्ड 17 में 10 लाख से होगा गलियों का निर्माण

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर 17 के परनाला चौक से आत्मशुद्धि आश्रम की गली की तरफ जाने वाले रास्ते का करीब 10 लाख रुपए की लागत से निर्माण होगा। सोमवार को विधायक राजेश जून ने नारियल इस फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। कॉलोनीवासियों ने गलियों के निर्माण के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि प्रदेश सरकार बहादुरगढ़ में लगातार चहुंमुखी विकास करा रही है। आए दिन किसी वार्ड और कॉलोनी में गलियों के निर्माण का कार्य शुरू हो रहा है। जल्द ही बहादुरगढ़ की तस्वीर बदल जाएगी। बहादुरगढ़ विकास के मामले में नंबर एक पर होगा। लोगों को अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने वार्ड 17 में दो गलियों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने ठेकेदार को गली निर्माण कार्य बेहतर ढंग से करने के लिए कहा। साथ ही कॉलोनी वासियों से भी कार्य की देखरेख के लिए आह्वान किया। इस मौके पर पार्षद सचिन दलाल, पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, बलराज दलाल, पार्षद प्रवीण कुमार, नरेश दलाल, नरेश छिकारा, संदीप, जेई आशीष, रामकिशन दलाल, रामकुमार पंडित व एसडीओ राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।